# केंद्रीय विद्यालय संगठन, मुंबई संभाग

## अर्धवार्षिक परीक्षा 2025-26
**सेट-1**

**कक्षा : सातवीं**

**विषय : हिंदी**

**अवधि : 2: 30घंटे** **पूर्णांक : 60**

निर्देश- )**i** (प्रश्न-पत्र के कुल चार खंड हैं - खंड(क) , (ख), (ग) और (घ)

)**ii**-प्रश्न इस (पत्र में **कुल 5 पृष्ठ** हैं सभी Iखंडों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

)**iii**( यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

---

| खण्ड(बोध अपठित) क- | | |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए:<br>अनुशासन जीवन की सफलता का महामंत्र है । समस्त प्रकृति अनुशासन का पालन स्वत: ही करती है । सूर्य का उदय तथा अस्त होना, ऋतुओं का चक्र, रात और दिन सब अनुशासन का पालन करते हैं । मनुष्य जीवन में भी अनुशासन का विशेष महत्व है । हम सभी प्राय: विद्यालय में ही अनुशासन का प्रथम पाठ पढ़ते हैं । गुरुजनों को भी वही शिष्य सबसे प्रिय होता है, जो उनके बताए मार्ग पर चलता है, अनुशासित रहता है और विद्यालय के नियमों का पालन करता है । परिवार में भी अनुशासनहीन रहने वाले को प्रताड़ना ही मिलती है । चींटी जैसे जीव का जीवन तो अनुशासन का एक अनुपम उदाहरण है । युद्ध में अथवा खेल में अनुशासन ही विजय दिलाता है । सेनापति के निर्देश और कप्तान के आदेश का पालन सफलता की कुंजी होती है । हमारे समाज और देश की उन्नति के लिए यह अनिवार्य है कि हम उनके नियमों और निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए:कानून को मानें तथा उनका पालन करें । स्वयं अनुशासन का पालन करते हुए ही हम दूसरों को अनुशासित कर सकते हैं। | |
| | (i) जीवन की सफलता का महामंत्र क्या है? | 1 |
| | (क) आर्थिक स्वावलंबन (ख) अनुशासन (ग) ईर्ष्या (घ) प्रतिस्पर्धा | |

| | | |
|---|---|---|
| | )ii (प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार अनुशासन का अनुपम उदाहरण कौन प्रस्तुत करता है? | 1 |
| | (क) मनुष्य का जीवन (ख) प्रकृति (ग) चींटी का जीवन (घ) पक्षियों का जीवन | |
| | )iii (निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यान पूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –<br><br>कथन (A): हमारे समाज और देश की उन्नति के लिए यह अनिवार्य है कि हम उनके नियमों एवं कानून को मानें तथा उनका पालन करें ।<br>कारण (R): अनुशासन जीवन की सफलता का महामंत्र है । | 1 |
| | विकल्प : (क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | |
| | )iv (गुरुजनों को किस तरह के शिष्य प्रिय लगते हैं ? | 2 |
| | (v) हम दूसरों को अनुशासित कैसे कर<br>सकते हैं ? | 2 |
| 2. | निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए:<br>आज करना है जिसे, करते उसे हैं आज ही।<br>सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही ।।<br>मानते जी की हैं सुनते हैं सदा सबकी कही।<br>जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही ॥<br>भूलकर भी दूसरों का मुँह कभी तकते नहीं।<br>कौन ऐसा काम है, वे कर जिसे सकते नहीं॥ | |
| | (i) कर्मवीर समय का सदुपयोग किस तरह करते हैं? | 1 |
| | (क) हर काम को न करने के बहाने बनाते हैं।<br>(ख) आज का काम कल पर नहीं छोड़ते।<br>(ग) बेकार की बातों में समय बरबाद नहीं करते ।<br>(घ) आलस्य में समय गँवाते हैं। | |
| | (ii) कर्मवीर के संबंध में कौन-सा कथन **असत्य** है? | 1 |
| | (क) वे जो ठान लेते हैं, उसे पूरा करके दिखाते हैं ।<br>(ख) वे किसी के बहकावे में नहीं आते, मन में जो सोचते हैं वही करते हैं।<br>(ग) वे अनुचित काम को ही करते हैं।<br>(घ) वे बेकार की बातों में समय बर्बाद नहीं करते । | |

| | | |
|---|---|---|
| | **विकल्प**) कथन केवल (क) : iv\| है सत्य (<br>) कथन (ख)i) और (ii\| है सत्य (<br>) कथन (ग)i(, )ii) और (iii\| है सत्य (<br>) कथन केवल (घ)i\| है सत्य ( | |
| | (iv) कर्मवीर की दो मुख्य विशेषताएँ लिखिए। | 2 |
| | (v) पद्यांश में से दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द ढूँढकर लिखिए-<br>**संसार, सहायता** | |
| | | |
| **खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | | |
| 3. | वाक्य में विशेष प्रभाव उत्पन्न करने वाले शब्द अर्थात **निपात** छाँटकर लिखिए:-<br>(i) हमारी यह धरती भी इसी तरह की गुल्लक है ।<br>(ii) मोटर लगवाने पर कई घरों का पानी खींचकर एक ही घर में आ जाता है । | 2 |
| 4. | निम्न उपसर्ग से नए सार्थक शब्द बनाएँ :-<br>**प्र, पर** | 2 |
| 5. | निम्न शब्दों में से 'बड़प्पन' का भाव व्यक्त करने वाले कोई **चार** शब्द ढूँढकर लिखें :-<br>**स्वार्थ, संतोष, अहंकार, सद्भावना, विनम्रता, द्वेष, विश्वास, लालच, आदर** | 2 |
| 6. | नीचे दी गई पंक्तियों में विशेषण और विशेष्य शब्दों की पहचान करके लिखिए :-<br>(i) बुद्धिमान भाई ने उत्तर दिया ।<br>(ii) बाग में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं । | 2 |
| 7. | निम्न वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाएँ :-<br>(i) वाह तुमने बहुत अच्छा काम किया<br>(ii) क्या तुम सोहन मोहन और प्रिया के मित्र हो | 2 |
| | | |
| **खंड-ग (पाठ्यपुस्तक प्रश्नोत्तर)** | | |
| 8. | दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।<br>"माँ कह एक कहानी ।"<br>"बेटा, समझ लिया क्या तूने<br>मुझको अपनी नानी ?"<br>"कहती है मुझे यह चेटी,<br>तू मेरी नानी की बेटी ! | |

| | | |
|---|---|---|
| | कह माँ, कह, लेटी ही लेटी,<br>राजा था या रानी ?<br>राजा था या रानी ?<br>माँ, कह एक कहानी ।” | |
| | (i) उपर्युक्त काव्यांश के कवि का नाम बताइए ।<br><br>(क) अनुपम मिश्र<br>(ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध<br>(ग) स्वयंप्रकाश<br>(घ) मैथिलीशरण गुप्त | 1 |
| | )ii (बेटा माँ से क्या अनुरोध करता है ?<br><br>(क) खेलने का<br>(ख) कहानी सुनाने का<br>(ग) खाना बनाने का<br>(घ) बाजार ले जाने का | 1 |
| | )iii ?होगा संबंध क्या आपसे का बेटी की नानी आपकी (<br><br>(क) बहन<br>(ख) माँ<br>(ग) भतीजी<br>(घ) मामी | 1 |
| | )iv (इस संवाद में माँ का भाव कैसा है ?<br><br>(क) क्रोधित<br>(ख) उदास<br>(ग) हास्यपूर्ण<br>(घ) भयभीत | |
| | )v (चेटी का अर्थ है-<br><br>(क) सहेली<br>(ख) सखी<br>(ग) नानी<br>(घ) सेविका | |
| 9. | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए ।<br>(i) “किस तरह कुल की बड़ाई काम दे, जो किसी में हो बड़प्पन की कसर ।” ‘फूल और काँटा’ के कविता के आधार पर उदाहरण देकर समझाइए । | 2x2=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) आपको फूल और काँटे के स्वभाव में मुख्य रूप से कौन सा अंतर दिखाई दिया ?<br>(iii) 'माँ कह एक कहानी' के आधार पर बताइए कि कविता में घायल पक्षी की कहानी का उपयोग किस लिए किया गया है ? | |
| 10. | दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।<br>एक समय की बात है कि एक निर्धन व्यक्ति के तीन बेटे थे । वह प्रायः अपने बेटों से कहता -"मेरे बेटो! हमारे पास न तो रुपया-पैसा है और न ही सोना-चाँदी इसलिए तुम्हें एक दूसरे प्रकार का धन संचित करना चाहिए - हर वस्तु-स्थिति को पूर्णतः समझने और जानने का प्रयास करो । कुछ भी तुम्हारी दृष्टि से न बच पाए । रूपए पैसे के स्थान पर तुम्हारे पास पैनी दृष्टि होगी और सोने-चाँदी के स्थान पर तीव्र बुद्धि होगी। ऐसा धन संचित कर लेने पर तुम्हें कभी किसी प्रकार की कमी न रहेगी और तुम दूसरों की तुलना में उन्नीस नहीं रहोगे । | |
| | (i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और यह साहित्य की कौन-सी विधा है?<br>(क) पाठ-तीन भाई, विधा-निबंध<br>(ख) पाठ-तीन बुद्धिमान, विधा-लोककथा<br>(ग) पाठ-तीन बुद्धिमान, विधा-निबंध<br>(घ) पाठ-तीन भाई, विधा-लोककथा | 1 |
| | (ii) निर्धन व्यक्ति के पास क्या नहीं था?<br>(क) घर और परिवार<br>(ख) रुपया-पैसा और सोना-चाँदी<br>(ग) जमीन और खेत<br>(घ) कपड़े और भोजन | 1 |
| | (iii) निर्धन व्यक्ति ने बेटों को किस प्रकार का धन संचित करने की सलाह दी ?<br>(क) रुपया-पैसा (ख) सोना-चाँदी<br>(ग) पैनी दृष्टि और तीव्र बुद्धि (घ) अनाज और कपड़े | 1 |
| | (iv) पैनी दृष्टि और तीव्र बुद्धि से क्या लाभ होगा ?<br>(क) कभी किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी<br>(ख) बहुत अधिक धन आ जाएगा<br>(ग) खेत-बाड़ी बढ़ जाएगी<br>(घ) सोना-चाँदी मिल जाएगा | 1 |
| | (v) **"उन्नीस न रहना"** का क्या अर्थ है ?<br>(क) किसी से कम न रहना<br>(ख) पीछे न रह जाना<br>(ग) किसी बात में कमी न होना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) उपर्युक्त तीनों अर्थ सही हैं | |
| 11. | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए ।<br>(i) जब बच्चा बीमार पड़ने का बहाना बनाकर बिस्तर पर लेटा रहा तो उसके मन में कौन-कौन-से भाव आ रहे थे ?<br>(ii) 'पानी रे पानी' पाठ में पानी को रुपयों से भी कई गुना मूल्यवान क्यों बताया गया है ?<br>(iii) 'नहीं होना बीमार' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चों के सामने क्या समस्या थी ? उसने उस समस्या का क्या समाधान निकाला ? | 2x2=4 |
| 12. | निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न के उत्तर 45 से 50 शब्दों में दीजिए।<br>(i) धरती के गुल्लक में जलराशि की कमी ना हो इसके लिए आप क्या-क्या प्रयास कर सकते हैं ? कोई तीन बिंदु लिखें ।<br>(ii) 'नहीं होना बीमार' पाठ में आम खाने वाले मुन्नू को देखकर बच्चे को ईर्ष्या हुई थी। क्या आपको भी कभी किसी से या किसी को आपसे ईर्ष्या हुई है ? आपने तब क्या किया था ताकि यह भावना दूर हो जाए? | 3 |
| | | |

## <u>खंड-घ (लेखन)</u>

| | | |
|---|---|---|
| 13. | निम्नलिखित में से **किसी एक विषय पर** लगभग 80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।<br>) i) बचाओ जीवन-बचाओ पानी (ii पुस्तक प्रिय मेरी (<br>)iiiदिवस स्वतंत्रता ( | 5 |
| 14. | दो दिन के अवकाश के लिए प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें।<br>**अथवा**<br>अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखें। | 5 |
| 15. | शिक्षक और विद्यार्थी के बीच गृहकार्य पूर्ण करने पर हुई बातचीत का संवाद लिखें ।<br>**अथवा**<br>दो मित्रों के बीच कक्षा में स्वच्छता बनाए रखने पर हुई बातचीत का संवाद लिखें । | 5 |